पर्यटन

दिल्ली एयरपोर्ट पर जगमगा रहे सावरवानी के होम स्टे

राष्ट्रीय स्तर पर चमक रही छिंदवाड़ा के होम स्टे की पहचान

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जुलाई, छिंदवाड़ा जिले का पर्यटन ग्राम सावरवानी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की ग्रामीण होम स्टे परियोजना के अंतर्गत विकसित सावरवानी के आकर्षक होर्डिंग्स देश की राजधानी दिल्ली एयरपोर्ट और दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेसवे पर प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

इन होर्डिंग्स के माध्यम से प्रतिदिन हजारों देशी-विदेशी यात्रियों तक छिंदवाड़ा की प्राकृतिक सुंदरता, ग्रामीण संस्कृति और होम स्टे की विशेषताओं का संदेश पहुंच रहा है। इससे जिले के ग्रामीण पर्यटन को नई पहचान मिलने के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के अवसर भी लगातार बढ़ रहे हैं। कलेक्टर हरेंद्र नारायण एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार के मार्गदर्शन में पर्यटन ग्राम सावरवानी को एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया गया है। वर्तमान में यहां 08 ग्रामीण होम स्टे सफलतापूर्वक संचालित हैं। सावरवानी अपनी उत्कृष्ट पर्यटन व्यवस्थाओं के कारण दो बार राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का सम्मान प्राप्त कर चुका है। सावरवानी में आने वाले पर्यटक केवल ठहरते ही नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन को करीब से जीने का अनूठा अनुभव भी प्राप्त करते हैं। बैलगाड़ी की सैर, ट्रेकिंग, प्राकृतिक भ्रमण, स्थानीय संस्कृति से परिचय तथा पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद पर्यटकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करता है। यही कारण है कि देश-विदेश के हजारों पर्यटक यहां आकर ग्रामीण पर्यटन का आनंद ले चुके हैं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने छिंदवाड़ा जिले के 12 गांवों को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए चयनित किया है। विलेज वे, सतपुड़ा सेल्फ, इंडियन ग्रामीण सर्विसेज, परार्थ समिति एवं बैक टू विलेज जैसी संस्थाओं के सहयोग से इन गांवों में 100 से अधिक ग्रामीण होम स्टे विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से 57 होम स्टे वर्तमान में सफलतापूर्वक संचालित हैं।

अमरवाड़ा में झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई, अवैध क्लिनिक सील

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जुलाई, जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की क्लिनिक पर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही की जा रही है. आज ग्राम पौनार में झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे के मार्गदर्शन में तहसील अमरवाड़ा के ग्राम पौनार में गैर-मान्यता प्राप्त झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान प्रवीण बंजारा 26 वर्ष बिना किसी वैधानिक डिग्री के क्लिनिक का संचालन करते पाया गया। इस पर राजस्व, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए क्लिनिक को सील किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना वैधानिक योग्यता एवं अनुमति के चिकित्सा कार्य करने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

बाइक फिसलने से युवक की मौत

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जुलाई, कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के इसरा उमरिया के समीप सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। घटना मंगलवार सुबह 11 बजे की है।

जानकारी अनुसार दयालाल पिता छबीलाल युवनाती उम्र 24 साल इसराउमयिा का रहने वाला है। वह सुबह छिंदवाड़ा की ओर आ रहा था। इस दौरान उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस घटना में उसे गंभीर चोटें आई। घटना के बाद मौके पर लोगों को जमावड़ा लग गया। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर से परिवार में मातम पसर गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर षव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अमरवाड़ा में 2 किलो गांजा और बाइक जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत कार्रवाई, सप्लायर को भी बनाया गया आरोपी

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 21 जुलाई, पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत अमरवाड़ा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 2.012 किलोग्राम गांजा तथा परिवहन में प्रयुक्त प्लेटिना मोटरसाइकिल (एमपी-28-जेडए-9877) जब्त की गई है। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपये बताई गई है।

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कल्याणी वरकड़े के नेतृत्व में थाना प्रभारी राजेंद्र धुर्वे एवं पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर हाईवे स्थित बरधिया हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर वाहन चेकिंग की। इस दौरान संदिग्ध प्लेटिना मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी लेने पर सफेद प्लास्टिक के थैले से दो पैकेट गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपनी पहचान धनलाल विश्वकर्मा (21 वर्ष) एवं अभिषेक विश्वकर्मा (22 वर्ष), निवासी ग्राम गढ़ा दरयाव, थाना अमरवाड़ा के रूप में बताई। दोनों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे यह गांजा अंकित नागेश, निवासी शिक्षक कॉलोनी, छिंदवाड़ा से खरीदकर लाए थे। पुलिस ने अंकित नागेश को भी मामले में नामजद आरोपी बनाया है। इस मामले में थाना अमरवाड़ा में अपराध क्रमांक 488/26 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेंद्र धुर्वे, उपनिरीक्षक विजेंद्र मार्को, प्रधान आरक्षक जयसिंह बघेल तथा आरक्षक करन रघुवंशी, ललित परतेती और ओमकार कुमरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भव्य मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस, राजीव भवन में बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जुलाई, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार इस वर्ष भी विश्व आदिवासी दिवस भव्य मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर राजीव भवन में अहम बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि कमलनाथ ने विश्व आदिवासी दिवस पर एक दिन का अवकाश घोषित किया था, जिसे भाजपा ने सत्ता में आते ही बंद कर दिया। कमलनाथ एवं नकुलनाथ की उपस्थिति में ही पहली बार दशहरा मैदान में भव्य विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया था।इस वर्ष भी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ की ओर भव्य आयोजन किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर राजीव भवन में आयोजित बैठक में चर्चा की गई। बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, संगठन महासचिव गुरूचरण खरे, कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामनारायण परतेती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनू मागो, प्रकोष्ठ प्रभारी पप्पू यादव व कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ब्रजकुमारी सरयाम ने सम्बोधित किया।

भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने तहसीलदार को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

तामिया, 21 जुलाई, तामिया के भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने बताया कि एकलव्य विद्यालय तामिया के छात्र, छात्राओं के द्वारा प्राचार्य महोदय के खिलाफ शिकायत की गई है कि प्राचार्य महोदय द्वारा हम सभी बालक बालिकाओं द्वारा अभर्द भाषा में बात की जाती है एवं हम सभी आदिवासी छात्र/छात्रों को भोजन भी अच्छा नही दिया जाता है एवं खाने में इल्ल्यिा भीं पाई गई जिससे कि सभी आदिवासी छात्र/छात्राओं के भारी आकोश है ।

एवं प्राचार्य महोदय अच्छे से बात नही करते है एवं महोदय द्वारा भारी मात्रा में अनियमितता की जा रही है जिससे कि एकलव्य आवासीय विद्यालय तामिया के प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से हटाया जाना चाहिए। जिस हेतु आज दिनांक को छात्र/छात्राओं द्वारा भारी विरोध करते हुये विरोध प्रदर्शन किया गया । भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने मांग कि हे कि प्राचार्य महोदय एकलव्य स्कूल तामिया को उक्त शिकायत के आधार पर तत्काल प्रभाव से हटाये जाने के आदेश न्यायहित में पारित करने का कष्ट करें।

भारतीय मजदूर संघ का 71वां स्थापना दिवस 23 जुलाई को मनाया जाएगा

नवभारत न्यूज

परासिया, 21 जुलाई, भारतीय मजदूर संघ का 71वाँ स्थापना दिवस 23 जुलाई 2026 को भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, मध्यप्रदेश, पेंच-कन्हान के तत्वावधान में सामूहिक रूप से मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन कन्हान क्षेत्र स्थित माँ हिंगलाज मंदिर परिसर, मोहन कॉलरी में दोपहर 1 बजे से किया जाएगा।

बीएमएस कार्यालय विश्वकर्मा भवन, परासिया द्वारा जारी प्रेस बयान के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ, मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, मध्यप्रदेश, पेंच-कन्हान के अध्यक्ष मोहित नामदेव करेंगे।

बताया गया कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 को भोपाल में श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी के नेतृत्व में हुई थी। आज भारतीय मजदूर संघ अपनी श्रमिक हितैषी नीतियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर देश का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक श्रम संगठन माना जाता है।

भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ, पेंच-कन्हान ने क्षेत्र के सभी कामगारों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपील की है ।

पोनार को विधायक कमलेश प्रताप शाह की बड़ी सौगात

आगजनी की घटनाओं से राहत दिलाने ग्राम पंचायत को मिला फायर फाइटर टैंकर

नवभारत न्यूज

हर्रई, 21 जुलाई, विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पोनार एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में बढ़ती आगजनी की घटनाओं तथा फायर ब्रिगेड जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव को देखते हुए अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह ने ग्राम पंचायत पोनार को फायर फाइटर टैंकर उपलब्ध कराकर बड़ी सौगात दी है।

विधायक निधि से प्रदाय किए गए इस अत्याधुनिक फायर फाइटर टैंकर से अब पोनार सहित आसपास के गांवों में आगजनी की घटनाओं पर तेजी से नियंत्रण किया जा सकेगा। हर्रई राजमहल पहुंचकर विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा जिला पंचायत सदस्य चैन सुख जगेला, जनपद सदस्य संतोष वर्मा, सरपंच देवेंद्र सिंह पटेल, उप सरपंच कमलेश वर्मा, पंच पदम डेहरिया, लक्ष्मण यादव, भगवत यादव, ग्राम पंचायत सचिव रामगोपाल निर्मलकर, सहायक सचिव विनोद सराठे सहित पंचायत अन्य पंचायत प्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणों ने फायर फाइटर टैंकर प्राप्त किया। इस दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि पोनर 25 ग्रामों का केंद्र बिंदु है बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में आग बुझाने के पर्याप्त संसाधनों की कमी महसूस की जा रही थी। गर्मी के मौसम में खेतों, घरों एवं जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आती रहती हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता था। कई बार आग पर नियंत्रण पाने में घंटों लग जाते थे, जिससे जन-धन की हानि बढ़ जाती थी।

चांदामेटा से दादा धूनी वाले की पैदल यात्रा श्रद्धापूर्वक रवाना

नवभारत न्यूज

बड़कुही, 21 जुलाई, श्रद्धा और आस्था के साथ चांदामेटा क्षेत्र के श्रद्धालुओं का एक जत्था दादा धूनी वाले (खंडवा) के दर्शन हेतु पैदल यात्रा पर रवाना हुआ। यह यात्रा लगभग 300 किलोमीटर की है, जिसे श्रद्धालु कई दिनों में पैदल तय करेंगे।

यात्रा प्रारंभ होने से पहले श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर दादा धूनी वाले से सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

इस पैदल यात्रा में हीरालाल उइके बाबा, राजेश, राजा विश्वकर्मा, प्रबीन उइके, नंदू पारतेती, योगेश पवार, हिमेश विश्वकर्मा एवं गोलू सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक आगे बढ़े।

श्रद्धालुओं ने बताया कि वे प्रतिदिन निर्धारित दूरी तय करते हुए गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर खंडवा स्थित दादा धूनी वाले के दरबार में पहुंचकर दर्शन एवं पूजा-अर्चना करेंगे। स्थानीय लोगों ने यात्रा दल को शुभकामनाएं देते हुए उनकी यात्रा के सफल एवं मंगलमय होने की कामना की।

यह धार्मिक यात्रा श्रद्धा, विश्वास और सामाजिक एकता का प्रेरणादायक उदाहरण है।

नवनियुक्त महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता वर्मा ने किया तामिया का दौरा

नवभारत न्यूज

तामिया, 21 जुलाई, चावल पानी की महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं महिलाओं के साथ छिंदवाड़ा जिले की महिला मोर्चा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ललिता वर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद तामिया क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तामिया चावलपानी मंडल की महिला मोर्चा संगठन से संपर्क कर कार्यकर्ताओं के साथ कामकाजी समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिला अध्यक्ष ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान और केंद्र व राज्य सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत करना प्राथमिकता है। ग्रामीण महिलाओं को स्व-सहायता समूह, लखपति दीदी और अन्य योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।तामिया चावलपानी क्षेत्र की महिला पदाधिकारियों ने क्षेत्र की समस्याएं भी अध्यक्ष के समक्ष रखीं। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि सभी विषयों को जिला स्तर पर उठाकर निराकरण कराया जाएगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष, महामंत्री सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यकर्ताओं ने नए नेतृत्व में संगठन को और अधिक सक्रिय करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में महिला मोर्चा अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन की रीति-नीति को आगे बढ़ाने की अपील की। संगठन के वरिष्ठ महिला मोर्चा की कार्यकर्ताएं श्रीमती कांता ठाकुर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना दुबे श्रीमती रानी सूर्यवंशी श्रीमती अनीता ठाकरे श्रीमती नेहा वर्मा श्रीमती लवीना क्रिकेटर श्रीमती किरण बाजपेई मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा तमिया उपस्थित थे।

सांसद ने केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जुलाई, सांसद बंटी विवेक साहू ने नई दिल्ली में मानसून सत्र के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सौजन्य मुलाकात की है।

इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा और पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से विस्तृत चर्चा की है, साथ ही सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के क्षेत्रहित से संबंधित महत्वपूर्ण मांगों एवं जनहित के मुद्दों को भी केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष रखा है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांसद बंटी विवेक साहू को छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित विकास कार्यों को लेकर हरसंभव सहयोग देने को आश्वासन दिया है। सांसद बंटी विवेक साहू ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के विकास को लेकर दिये गये मार्गदर्शन एवं स्नेह के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू के साथ में जबलपुर सांसद आशीष दुबे भी मौजूद थे।

आयोजन

पर्यावरण संरक्षण की भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना उद्देश्य

गुरुकुल में एक सप्ताह तक मनाया गया वन महोत्सव

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जुलाई, संत आसाराम गुरुकुल, छिंदवाड़ा में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन बड़े उत्साह एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण की भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना था। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता, समूह एवं एकल गायन सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गईं। वहीं कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वन महोत्सव के सफल आयोजन में विद्यालय के विज्ञान विभाग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विभाग के शिक्षकों ने सभी प्रतियोगिताओं के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और वृक्षों के महत्व के बारे में उन्हें प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुकुल परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। सभी विद्यार्थियों ने इन पौधों की नियमित देखभाल करने तथा गुरुकुल परिसर को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण-मुक्त बनाए रखने का सामूहिक संकल्प भी लिया। इस अवसर पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती दर्शना खट्टर, सुशील परिहार, श्रीमती पूजा अमरवंशी छात्रावास अधीक्षक सोमनाथ पवार एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

राजस्व स्थापना के 59 कर्मचारियों की पदोन्नति, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 21 जुलाई, कलेक्टर हरेंद्र नारायण द्वारा राजस्व स्थापना के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के प्रावधानों के तहत गठित विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर कुल 59 कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार राजस्व स्थापना में कार्यरत 34 सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को स्थानापन्न रूप से सहायक ग्रेड-2 के पद पर सातवें वेतनमान के लेवल-6 (रु. 25,300-80,500) में पदोन्नत किया गया है। वहीं 25 भृत्य कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर सातवें वेतनमान के लेवल-4 (रु. 19,500-62,000) में पदोन्नति प्रदान की गई है। पदोन्नति आदेश मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025, सामान्य प्रशासन विभाग एवं राजस्व विभाग के निर्देशों के अनुरूप विभागीय पदोन्नति समिति की 16 जुलाई 2026 को आयोजित बैठक में की गई अनुशंसाओं के आधार पर जारी किए गए हैं।आदेश में उल्लेख किया गया है कि समस्त पदोन्नत कर्मचारी वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही उच्च पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे तथा नवीन पदस्थापना आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे। सहायक ग्रेड-3 पद पर पदोन्नत कर्मचारियों के लिए निर्धारित परिवीक्षा अवधि के दौरान आवश्यक शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यताएं, जिसमें मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं सीपीसीटी स्कोर कार्ड शामिल है, प्राप्त करना अनिवार्य होगा। कलेक्टर श्री नारायण द्वारा जारी आदेश के अनुसार पदोन्नति मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 तथा मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के प्रावधानों के अनुरूप की गई है।